an>

Title: Need to check floods in Ballia Parliamentary Constituency of Uttar PRadesh.

श्री भरत सिंह (बलिया) : सभापति महोदय, मैं रमा देवी जी से क्षमा मांगता हूं। वह एक बहुत ही क्रांतिकारी महिला हैं, इन्होंने बिहार में संघर्ष किया है।

अधिष्ठाता महोदया, बलिया लोक सभा संसदीय क्षेत्र, बलिया और गाजीपुर दोनों जिलों को मिला कर बना है। यह क्षेत्र गंगा के किनारे है और दूसरी ओर घाघरा नदी है। हर साल बाढ़ की वजह से, कटान की वजह से हजारों लोगों के घर गंगा और घाघरा नदियों में विलीन हो जाते हैं। मैं शेरपुर-सेमरा गांव के बारे में कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान का ऐतिहासिक गांव है, लेकिन सेमरा गांव गंगा में विलीन हो गया, उसका केवल कुछ भाग ही बचा हुआ है। ऐसे ही सिताब दियरा, लोक नायक जयप्रकाश जी की जन्म भूमि भी गंगा में विलीन हो रही है। दुबे छपरा, गोपालपुर और उदई छपरा, सभी गंगा में विलीन हो रहे हैं।

मैंने लगातार इन समस्याओं को शून्य काल में सदन में उठाया है, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मैं आपके द्वारा इस ओर शासन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि दुबे छपरा, गोपालपुर, शेरपुर-सेमरा, जगावां और उदई छपरा, सभी गांवों को बचाया जाये। घाघरा के कटान से जो भी लोग पीड़ित हैं, उनको बसाने की व्यवस्था की जाये। मैं इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं।

माननीय सभापति:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री भरत सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।